**Flexituff Ventures International Limited**
C41-50, SEZ Sector-3
Pithampur – 454 775, Distt. Dhar (M.P.) India
Phone: 91-7292420200, 401681-82-83
Fax : 91-7292-401684
Email: mail@flexituff.com url: www.flexituff.com
**CIN : L25202MP1993PLC034616**

**25th July, 2024**

| To, | To, |
|---|---|
| **The Manager (Listing Centre)**<br>**BSE Limited**<br>**Floor 25, P.J. Towers, Dalal Street,**<br>**Mumbai-400 001**<br>**SCRIP CODE: 533638** | **The Manager - Corporate Compliance**<br>**National Stock Exchange of India Limited**<br>**Exchange Plaza, Bandra Kurla Complex,**<br>**Bandra (East), Mumbai- 400 051**<br>**SCRIP CODE: FLEXITUFF** |

**REF: Flexituff Ventures International Limited (ISIN – INE060J01017), BSE Code-533638, NSE Scrip- FLEXITUFF**

**Sub:** **Newspaper Advertisement regarding Notice of Extra Ordinary General Meeting.**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find attached newspaper advertisement regarding notice of Extra Ordinary General Meeting Will be held on Saturday 17th August, 2024 and E-voting information published in Times of India (English) and Swadesh (Hindi) Edition dated 25th July 2024.

This is for your information and record.

Thanking you,

For **Flexituff Ventures International Limited**

RISHABH KUMAR JAIN

Digitally signed by RISHABH KUMAR JAIN
DN: c=IN, postalCode=452016, st=MADHYA PRADESH, street=G1 SHLOKE ENCLAVEINDOREKANADIA ROAD MAINNEAR ASHISH KIRANA 452016, l=INDORE, o=Personal, title=8501, serialNumber=3f068a5e595ae0fa10c1ad9cdc24432886f71a1948d30c3dd7e2034c82e93a12, pseudonym=850120230102130455836, 2.5.4.20=34a2b7d63b3f3a1bfb9ff920e436ef8865a9d416e68d9a4aed9d90348b47b44e, email=SANDHELIYA.RISHABH@GMAIL.COM, cn=RISHABH KUMAR JAIN
Date: 2024.07.25 15:44:33 +05'30'

**Rishabh Kumar Jain**
**Company Secretary**
**[Membership No: F7271]**

Encl: - as above.

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रह्मऋषि किरीट भाई का सत्संग 27 को

**इंदौर।** प्रख्यात संत, ब्रह्मऋषि किरीट भाई 27 जुलाई को अपने शिष्यों और भक्तों के साथ गुरुपूर्णिमा महोत्सव मनाने के लिए इंदौर आएंगे। वे साउथ तुकोगंज स्थित जाल सभागृह में सांय 4 से 7 बजे तक तुलसी परिवार के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में भक्तों और शिष्यों को आशीर्वचन देंगे, उनकी आध्यात्मिक जिज्ञासाओं का समाधान करेंगे और ठाकुरजी का पूजन भी करेंगे।



### विद्यालय में नई प्राचार्या का आगमन

**इंदौर।** श्री गुजराती समाज अजमेरा मुकेश नेमीचंद्रभाई इंग्लिश मीडियम स्कूल, स्कीम नं. 54 में पूर्व प्राचार्या डॉ. श्यामली चटर्जी के रिटायरमेंट के पश्चात डॉ. सीमा सिसौदिया ने प्राचार्या के पद पर पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर पंकज भाई संघवी, अध्यक्ष ट्रस्ट बोर्ड एवं मानद् महामंत्री गुजराती समाज इंदौर तथा माननीय चेयरमैन कीर्ति भाई पटेल ने डॉ. सीमा सिसौदिया को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### लव यू जिंदगी के तहत आज नक्षत्र में आया सावन झूम के

**इंदौर।** सावन की अगवानी में महिला प्रकोष्ठ, अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति द्वारा अपने लव यू जिंदगी कार्यक्रम के तहत ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर स्थित नक्षत्र सभागृह में 25 जुलाई को दोपहर 3 बजे से आया सावन झूम के कार्यक्रम मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत प्रकोष्ठ की सखियां परंपरागत लहंगा-चुन्नी पहनकर रेम्प वॉक करेंगी। डांस एवं ग्रुप तम्बोला के कार्यक्र म भी होंगे। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

### तात्कालिक काव्य सृजन प्रतियोगिता 29 को

**इंदौर।** देश की प्राचीनतम हिन्दी सेवी संस्था श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति का 115वां स्थापना दिवस 29 जुलाई को सायं 4.30 बजे समिति के सभागृह में मनाया जाएगा। इस दिन विद्यालय एवं महाविद्यालय, विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के लिए तात्कालिक काव्य सृजन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

# भावना दुर्गति के लिए ब्रेकर और सद्गति के लिए एक्सीलेटर

**स्वदेश समाचार ■ इंदौर**

टू व्हीलर और फोर व्हीलर आप रखते हैं, चलाते हैं, गाड़ी को रोकने के लिए ब्रेक होता है, स्पीड बढ़ाने के लिए एक्सीलेटर होता है। ये भावनाएं क्या हैं? ये दुर्गति जाते जीवों के लिए ब्रेकर बन जाती हैं और सद्गति में जाने वालों के लिए एक्सीलेटर का काम करती हैं।

उक्त विचार आचार्यश्री मुक्ति सागर सूरिश्वर मसा ने पिपली बाजार स्थित श्री अर्बुद गिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय में श्रावक-श्राविकाओं को प्रवचनों की अमृत वर्षा करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने आगे अपने प्रवचनों में शांतु सुधारस ग्रंथ को बताते हुए कहा कि रोज की 7-7 हत्याएं करने वाले अर्जुन माली नामक हत्यारे को जिसने 6 महीने में 1260 खून कर डाले वो भी खूनी से मुनि बनकर भावनाओं का आलंबन ले अगले 6 महीने में ही केवल ज्ञानी बनकर मोक्ष को पा गए। आपने कहा कि विषय विकारों में डूबे लोगों को परम धार्मिक बनाने का काम इस शांत सुधारस का है। धन के पीछे पागल हो जीवन को अंधकार की ओर धकेलने वाले इन्हीं भावनाओं के सहारे शांति के सरोवर में सराबोर हो सकते हैं। आपने कहा कि अनेकों आत्माएं इन्हीं भावनाओं के द्वारा ही अपनी आत्मा का कल्याण कर सके हैं।



### विज्ञान प्राप्ति को देखता है और अध्यात्म जगत पात्रता को

बारिश का पानी सांप के मुंह में जाता है तो विष बनता है, नदी में जाता है तो मीठा होता है, समुद्र में जाता है तो खारा हो जाता है और सीप। के अंदर जाकर मोती बनता है। पानी तो वही है पर प्राप्ति की भिन्नता के कारण उसकी तासीर बदल जाती है। विज्ञान प्राप्ति को महत्वपूर्ण मानता है लेकिन अध्यात्म जगत में प्राप्ति नहीं पात्रता को महत्वपूर्ण माना जाता है। अशांत मन को शांत बनाने के लिए मन की एक-एक भावनाओं को प्रभावित किया जाना जरूरी है। उक्त विचार कंचनबाग बीसीएम प्राईड स्थित आचार्यश्री भुवनभानुसूरी प्रवचन मंडपम में आचार्यश्री विजय कुलबोधि सूरिश्वर मसा ने सभी श्रावक-श्राविकाओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। बुधवार को आचार्यश्री शांति सुधा रस ग्रंथ की व्याख्या की।

### छोटे सुख तो मिल जाते हैं बड़े सुख नहीं मिलते

छोटे-छोटे सुख तो घर में मिल जाते हैं जैसे चाय, काफी, बंगला, घर, गाड़ी, गीजर यह आसानी से बिस्तर पर उपलब्ध हो जाते हैं लेकिन जीवन के चार बड़े सुख बिस्तर पर पड़े-पड़े प्राप्त नहीं होते हैं। उक्त विचार कालानी नगर स्थित जिनालय में आचार्यश्री विद्या सागर महाराज के शिष्य 108 मुनिश्री विनम्र सागर महाराज ने प्रवचनों की अमृत वर्षा करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने आगे अपने प्रवचनों के दौरान कहा कि सबसे पहला सुख ज्ञान का, दूसरा प्रेम का, तीसरा परोपकार का और चौथा भक्ति का। यह चारों सुख ऐसे हैं जो कभी भी बिस्तर पर नहीं मिलते हैं। इन सुखों का पाने के लिए बाहर निकलना पड़ेगा। ज्ञान का सुख आपको गुरु देंगे, प्रेम का सुख आपको ईष्ट-मित्र देंगे, परोपकार का सुख आपको ओरों से सीखना पड़ेगा और भक्ति का सुख पाने के लिए प्रभु में मन लगाना पड़ेगा।

### यथार्थ की अनदेखी जन्म देती है असंतोष को

जिसके पास कमी हो तो बात फिर भी समझ में आती है, लेकिन सब कुछ है फिर भी वह संतुष्ट नहीं। आखिर ऐसा क्यों? यथार्थ की अनदेखी ही असंतोष को जन्म देती है। उक्त विचार आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के शिष्य 108 मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज ने मंगलवार को रेसकोर्स रोड स्थित अभय प्रशाल में सभी श्रावक-श्राविकाओं को प्रवचनों की अमृत वर्षा करते हुए व्यक्त किए। मुनिश्री ने स्वंय की संतुष्टि विषय पर आगे कहा कि कामना और आकांक्षा की इस अंधी दौड़ का कोई अंत नहीं है। जीवन में संतुष्टि इन चार बातों के कारण नहीं आती- अभावोन्मुखी दृष्टि, यथार्थ का अनादर, आपेक्षा की उपेक्षा, इच्छानुलोभी प्रवत्ति क्रमशः सभी का ध्यान आकृषित करते हुए कहा कि अभावोन्मुखी दृष्टि के कारण ही परिवार में आपसी सामंजस्य का अभाव होता है। आज हम लोग देखते है कि समाज में एक दूसरे के प्रति समादर, सद्भाव सहयोग का अभाव दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है, पैसा, प्रभाव, और प्रतिष्ठा की होड़ ने आपसी सामंजस्य को लगभग समाप्त ही कर दिया है। जो है उसमें संतुष्ट नहीं हैं और सभी होड़-जोड़ में लग गए हैं।



# ड्रोन से पहली बार 16 मिनट में पहुंचा ब्लड

## 25 किमी की दूरी 16 मिनट में तय कर पहुंचा महू

**स्वदेश समाचार ■ इंदौर**

इंदौर में पहली बार ड्रोन की मदद से इंदौर के पलासिया से महू तक ब्लड यूनिट पहुंचाया गया। ड्रोन ने मात्र 16 मिनट में 25 किमी की दूरी तय की। सड़क मार्ग से एक घंटे से ज्यादा समय लगता है। ब्लड बॉक्स लेकर ड्रोन ने इंदौर के पलासिया स्थित मेडिकेयर अस्पताल से दोपहर 12.18 बजे उड़ान भरी और 12.34 बजे महू के मेवाड़ा मेडिकेयर अस्पताल में सुरक्षित उतार लिया गया। वापसी में इंदौर आने में इसे 17 मिनट का समय लगा। गंभीर मरीजों को तुरंत आकस्मिक चिकित्सा पहुंचाने में यह काफी मददगार हो सकता है।

**1 यूनिट ब्लड लेकर उड़ा था ड्रोन-** ड्रोन में ट्रायल के लिए एक यूनिट ब्लड रखकर महू भेजा। इस दौरान ड्रोन ने करीब 200 फीट पर उड़ान भरी। वापसी में भी ड्रोन ने 200 फीट पर उड़ान भरी और 17 मिनट में इंदौर पहुंचा। मेडिकेयर के डॉ. आरके लाहोटी, पार्थ लाहोटी, श्याम का मूंदड़ा, प्रीति सैनी करीब 2 महीने से इस प्रोजेक्ट पर काम कर रहे थे। ड्रोन सेंसर के जरिए काम करता है यह सेट की हुई लोकेशन पर अपने आप लैंड कर जाता है।

### प्रशासन से एक हफ्ते में मिली अनुमति

चीफ प्रोजेक्ट डायरेक्टर पार्थ लाहोटी ने बताया कि ट्रायल के लिए एक हफ्ते पहले आवेदन किया था। पुलिस विभाग और एटीसी से सोमवार को ही अनुमति मिली। मंगलवार को ट्रायल किया गया। ड्रोन एक दिन में 500 किमी की यात्रा कर सकता है। 60 किमी की दूरी 35 मिनट में पूरी हो जाती है। ड्रोन में कोल्ड स्टोरेज सहित मेडिकल ट्रांसपोर्टेशन की सभी सुविधाएं मौजूद है। पहुंच विहीन इलाकों के लिए तो यह वरदान है। ड्रोन का वजन 12 किलो था। टेस्टिंग ड्रोन 10 किलो तक का वजन उठा सकता है।

# अहिल्योत्सव समिति 28 को शहर के 225 मंदिरों में करेगी पौधारोपण

**स्वदेश समाचार ■ इंदौर**

देवी अहिल्या उत्सव समिति 28 जुलाई को इंदौर के 225 मंदिरों के प्रांगण में पौधारोपण करेगी। सभी विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों में यह आयोजन क्षेत्रीय पार्षदों की देखरेख में समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाएगा। पौधरोपण के तहत मंदिर में काम आने वाले पौधे लगाए जाएंगे।

समिति के मीडिया प्रभारी राम मूंदड़ा ने बताया कि संस्था अध्यक्ष पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन के मार्गदर्शन में इस वर्ष भी देवी अहिल्याबाई पुण्यतिथि समारोह 28 जुलाई से एक माह तक धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत में 28 जुलाई को शहर के 225 मंदिरों में पौधरोपण किया जाएगा। शहर के सभी विधानसभा प्रभारी एवं पार्षदों की बैठक अहिल्या सदन में आयोजित की गई। बैठक में विधानसभा अनुसार मंदिरों के नाम लिए गए तद्नुसार पूरे शहर के लगभग 225 मंदिरों में यह आयोजन प्रातः 10 से 1 बजे के मध्य संपन्न होगा। सभी प्रमुख मंदिरों पर क्षेत्र के विधायक भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। पौधारोपण के दौरान मंदिरों में काम आने वाले पौधे जैसे तुलसी, बिलपत्र, आंवला, पीपल व शमी के पौधे प्रमुख रूप से लगाए जाएंगे। मंदिरों के उपयोग किए फूलों से खाद बनाकर वृक्षों में देने का प्रयास भी किया जा रहा है। पौधों का ध्यान मंदिर समिति, रहवासी संघ एवं समिति के कार्यकर्ताओं को सौंपा जाएगा।

# यादव समाज की परिणय सूत्र पत्रिका का विमोचन



**स्वदेश समाचार ■ इंदौर**

अ.भा. यादव अहीर समाज समिति द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन के दौरान प्राप्त बायोडाटा के आधार पर परिणय सूत्र पत्रिका का प्रकाशन किया गया है। देशभर के विभिन्न क्षेत्रों से प्रविष्टियां प्राप्त होने के बाद यादव इसे पत्रिका में शामिल किया गया है। परिचय सूत्र पत्रिका का विमोचन आयोजन समिति के डॉ. अशोक यादव, एड.संतोष यादव, मुकेश यादव, राम यादव, राजेश यादव की उपस्थिति में बड़े गणपति पर किया गया किया गया। उक्त पत्रिका में सैकड़ों विवाह योग्य युवक-युवती के बायोडाटा शामिल है। परिणय सूत्र में उच्च शिक्षित प्रत्याशियों जैसे डॉक्टर्स, सीए, सीएस, एमबीए, आईटी प्रोफेशनल्स सहित सभी युवक-युवती का बायोडाटा शामिल किया गया है।

# यात्रा निकालकर मां नर्मदा को चढ़ाएंगे 1101 फीट की चुनरी

## महर्षि महामंडलेश्वर स्वामी उत्तम स्वामी महाराज सहित अन्य साधु-संतों के पावन सानिध्य में निकलेगी यात्रा

**स्वदेश समाचार ■ इंदौर**

संस्था सृजन सावन माह में 10 यात्राओं के जरिये 40 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को 25 जुलाई से 3 अगस्त तक ओंकारेश्वर ममलेश्वर तीर्थ दर्शन कराएगी। इसकी शुरुआत 25 जुलाई को होगी। इंदौर के बड़ा गणपति से सुबह 8.30 बजे चुनरी यात्रा निकलेगी जिसमें महिलाएं 1101 फीट की चुनरी मां नर्मदा को चढ़ाएंगे। एक पेड़ मां के नाम 51 लाख पौधारोपण अभियान के तहत प्रतिदिन पौधे भी रोपे जाएंगे। महर्षि महामंडलेश्वर स्वामी उत्तम स्वामी महाराज के पावन सानिध्य में निकलेगी।

संस्था अध्यक्ष कमलेश खंडेलवाल, महिला संयोजिका तनुजा खंडेलवाल ने बताया कि शिव आराधना के महीने सावन में शहर के अलग-अलग क्षेत्र से ओंकारेश्वर ममलेश्वर तीर्थ दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जत्था जाएगा। इस श्रावण मास में निकलने वाली यात्रा में 40 हजार से अधिक लोग शामिल होंगे। इस एक दिनी यात्रा में महिलाओं को 45 बसों और छोटे चार पहिया वाहनों से ओंकारेश्वर ले जाया जाएगा। संस्था सृजन के तत्वावधान में 25 जुलाई से 3 अगस्त तक चलेगा। खंडेलवाल ने बताया कि यात्रा की शुरुआत 25 जुलाई को बड़ा गणपति से होगी पहले दिन चुनरी यात्रा निकलेगी जिसमें हजारों महिलाएं सुबह 8.30 बजे 1101 फीट की चुनरी लेकर मां नर्मदा को चढ़ाने निकलेगी बसों से ओंकारेश्वर रवाना होकर मां को चुनरी चढ़ाएंगे।

## ठेकेदारों ने बाल श्रमिक को बर्बरतापूर्वक पीटा, मौत

**इंदौर।** हीरानगर इलाके में रेडीमेड कॉम्प्लेक्स में 12 साल के बाल श्रमिक के साथ बर्बातापूर्वक हुई मारपीट में मौत की घटना के एक साल बाद पुलिस ने ठेकेदार बाप-बेटे सहित पांच लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। हीरानगर थाना प्रभारी पीएल शर्मा ने बताया कि घटना 19 अगस्त 2023 की है। मृतक का नाम मोहम्मद हुसैन पिता आसिक हुसैन(12) मूल निवासी उत्तरप्रदेश जिला संभल है। पुलिस ने आरोपी मकबूल ठेकेदार, इकराम, मोहम्मद अली, मोहम्मद हसन और तबारक के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। बालक रेडीमेड कॉम्प्लेक्स में एमके अपेरल्स में रहता था। उसे काम करवाने के लिए मकबूल ठेकेदार लेकर इंदौर आया था। पुलिस के अनुसार मकबूल ठेकेदार उसका भाई मोहम्मद अली, उसका बेटा मोहम्मद हसन सहित इकराम और तबारक ने उसे मार मारकर अधमरा कर दिया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने उस समय मामले में मर्ग कायम किया था पीएम रिपोर्ट में मारपीट की वजह से मौत की बात सामने आने के बाद अब हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। दरअसल घटना वाले दिन 19 अगस्त को दपोहर 12 बजे आरोपी मृतक बालक मोहम्मद हुसैन से खाना मंगवा रहे थे लेकिन उसने खाना लाने से मना कर दिया था। इस पर गुस्से में सभी ने मिलकर उसके साथ मारपीट की थी उसे पीटकर अधमरा कर दिया था। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था बाद में उसकी मौत हो गई थी। पुलिस का कहना है कि बालक के मृत्यु पूर्व कथन लिए गए थे। जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल आरोपी पुलिस की गरिफ्त से बाहर हैं।

**कार्यशाला** | महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर आयोजित की वर्कशॉप में बोलीं विनी झारिया

# जीवन में कितना भी उतार-चढ़ाव आए रुकना मत

**स्वदेश समाचार ■ इंदौर**

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल विकास बहुत महत्वपूर्ण है। क्रिएट स्टोरिज एनजीओ द्वारा नेशनल स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में आयोजित एक वर्कशॉप में चाइल्ड साइकोलॉजिस्ट एवं साइकोथैरेपिस्ट विनी झारिया ने बात की।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कौशल विकास न केवल आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान करता है, बल्कि महिलाओं को सशक्त बनाने में भी अहम भूमिका निभाता है। इस वर्कशॉप में विभिन्न क्षेत्रों की युवतियों ने भाग लिया। एक्सपर्ट विनी झरिया ने बताया कि आज के दौर में युवतियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए कौशल विकास कितना जरूरी है। उन्होंने कहा, कौशल विकास के माध्यम से महिलाएं न केवल आत्मनिर्भर बन सकती हैं, बल्कि वे समाज में अपनी एक मजबूत पहचान भी बना सकती हैं। आर्थिक स्वतंत्रता के साथ-साथ कौशल विकास उन्हें आत्मविश्वास और नई संभावनाओं के द्वार खोलता है। लड़कियों को उन्होंने कहा की लाइफ में कितना भी उतार चढ़ाव आए कभी रुकना मत।




**FlexiTuff VENTURES**

**फ्लैक्सीटफ वेंचर्स इंटरनेशनल लिमिटेड**

सीआईएन: L25202MP1993PLC034616

पंजीकृत कार्यालय: सी 41-50, SEZ, सेक्टर-3, पीथमपुर-454775, जिला-धार (म.प्र.)

फोन: 91-7292-420200, 401681-82-83 ईमेल: mail@flexituff.com, वेबसाइट: www.flexituff.com

**असाधारण सभा एवं रिमोट ई-वोटिंग की सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी के सदस्यों की असाधारण सभा **(ईओजीएम)** का आयोजन **शनिवार, 17 अगस्त, 2024 को दोपहर 2:00 बजे (IST) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) या अन्य ऑडियो विजुअल माध्यम (ओएवीएम)** से कंपनी अधिनियम 2013 एवं इसके अंतर्गत बनाये नियम, साथ ही कंपनी के कार्पोरेट अफेयर्स मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य सरक्युलर क्रमांक 09/2023 dated 25th September 2023 read with General Circular Nos. 14/2020 dated 8th April 2020, 17/2020 dated 13th April 2020, 22/2020 dated 15th June 2020, 33/2020 dated 28th September 2020, 39/2020 dated 31st December 2020, 10/2021 dated 23rd June 2021, 20/2021 dated 8th December 2021, 3/2022 dated 5th May 2022 and 11/2022 dated 28th December 2022 and other applicable Circulars issued by the Ministry of Corporate Affairs ("MCA") and SEBI Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 dated 12th May 2020, SEBI Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 dated 15th January 2021, SEBI Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2022/62 dated 13th May 2022, SEBI Circular No. SEBI/HO/CFD/PoD-2/P/CIR/2023/4 dated 05th January 2023 and SEBI Circular No. SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2023/167 dated 7th October 2023 issued by the Securities and Exchange Board of India ("**SEBI**") (collectively referred to as "**relevant circulars**"), and the SEBI (लिस्टिंग ऑब्लिगेशन एण्ड डिसक्लोजर रिक्वायरमेंट) के लागू प्रावधानों के अनुपालन में ईओजीएम बुलाने के नोटिस में वर्णित व्यवहारों को करने के लिये किया जायेगा। सदस्य वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ईओजीएम में सम्मिलित हो सकेगें।

परिपत्रों के अनुपालन में ईओजीएम नोटिस दिनांक 23 जुलाई, 2024 की सूचना, दिनांक 24 जुलाई, 2024 को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम के केवल उन सदस्यों को भेजी गई है जिनके ई-मेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी सहभागियों के साथ पंजीकृत है। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि नोटिस की प्रति कंपनी की बेवसाइटः **www.flexituff.com**, स्टॉक एक्सचेंज की बेवसाइटः **www.bseindia.com** एवं **www.nseindia.com** और सेन्ट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज इंडिया लिमिटेड की बेवसाइट **https://www.evotingindia.com** पर भी उपलब्ध है।

सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 108, सपठित, कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमों 2014 के नियम 20, संशोधित, सेबी (लिस्टिंग ऑब्लिगेशन एण्ड डिसक्लोजर रिक्वायरमेंट) नियमन, 2015 के नियमन 44 के अनुपालन में कंपनी अपने सदस्यों को वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान के अधिकार के प्रयोग की सुविधा प्रदान कर रही है।

MCA सरक्युलर्स एवं SEBI सरक्युलर के अनुपालन में शेयरहोल्डर को सलाह दी जाती है कि नोटिस की इलेक्ट्रॉनिक कॉपी लेने के लिये अथवा लॉगिन विवरण लेने के लिये वह अपने ईमेल आईडी को निम्न तरीके से अपडेट करें-

| | |
|---|---|
| **भौतिक मोड में शेयर रखने वाले शेयरधारक** | ऐसे शेयरधारक जिनके पास फिजिकल मोड में शेयर हैं और उन्होंने कंपनी के डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट्स (आरटीए के साथ अपने ईमेल पते अपडेट नहीं किए हैं उनसे अनुरोध है कि वे कंपनी के आरटीए-लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को enotices@linkintime.co.in पर **विषयः ईमेल आईडी अपडेट करने का अनुरोध** के साथ लिखकर अपने ईमेल पते अपडेट करें। शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अनुरोध पत्र के साथ फोलियो नंबर और शेयरधारक के नाम का उल्लेख करते हुए शेयर प्रमाण पत्र (आगे और पीछे की स्कैन की गई प्रति) पैन कार्ड की स्वसत्यापित प्रति और कोई भी दस्तावेज (जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, बैंक स्टेटमेंट, आधार आदि) जमा करें जो शेयरधारक के पंजीकृत पते का समर्थन करता है। |
| **डीमटेरियलाइज्ड मोड में शेयर रखने वाले शेयरधारक** | जिन शेयरधारकों के पास डीमटेरियलाइज्ड मोड में शेयर हैं और उन्होंने अपने ईमेल पते अपडेट नहीं किए हैं उनसे अनुरोध है कि वे अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के साथ अपने पंजीकृत ईमेल पते को अपडेट करें। |

कंपनी ने ईओजीएम में निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से रिमोट ई-वोटिंग और ई-वोटिंग की जांच करने के लिए **मेसर्स रीतेश गुप्ता एंड कंपनी**, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरीज (सदस्यता संख्या 5200 और प्रैक्टिस सर्टिफिकेट नंबर 3764) को स्क्रूटनाइजर के रूप में नियुक्त किया है।

रिमोट ई-वोटिंग और ई-वोटिंग के निर्देश ईओजीएम के नोटिस में दिए गए हैं। शेयरधारकों से निम्नलिखित पर ध्यान देने का अनुरोध किया जाता है-

अ) रिमोट ई-वोटिंग **बुधवार, 14 अगस्त 2024 को सुबह 09:00 बजे** शुरू होगी और **शुक्रवार, 16 अगस्त, 2024 को सायं 05:00 बजे (IST)** समाप्त होगी। उसके बाद सीडीएसएल द्वारा रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल को वोटिंग के लिए अक्षम कर दिया जाएगा और शेयरधारकों को उक्त तिथि और समय के बाद इलेक्ट्रॉनिक रूप से वोट करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस अवधि के दौरान, कंपनी के शेयरधारक, जिनके पास कट-ऑफ तिथि यानी शनिवार, 10 अगस्त 2024 को भौतिक रूप में या डीमटेरियलाइज्ड रूप में शेयर हैं, नोटिस में निर्दिष्ट प्रस्तावों पर रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल सकते हैं। ईओजीएम के जिन शेयरधारकों ने ईओजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे भी वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित होने वाली ईओजीएम में भाग ले सकते हैं, लेकिन वे दोबारा वोट डालने के हकदार नहीं होंगे। एक बार जब शेयरधारक द्वारा किसी प्रस्ताव पर वोट डाल दिया जाता है, तो उन्हें बाद में इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

ब) शेयरधारकों के वोटिंग अधिकार (ईओजीएम में रिमोट ई-वोटिंग या ई-वोटिंग के माध्यम से वोटिंग के लिए) कट-ऑफ तिथि शनिवार, 10 अगस्त 2024, यानी, कंपनी की पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी में उनके हिस्से के अनुपात में होंगे। एक व्यक्ति जिसका नाम कट-ऑफ तिथि पर शेयरधारकों के रजिस्टर या डिपॉजिटरी/रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट द्वारा बनाए गए लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है, केवल वे रिमोट ई-वोटिंग के साथ-साथ ईओजीएम में ई-वोटिंग सुविधा का लाभ उठाने का हकदार होगा।

स) कोई भी व्यक्ति जो कंपनी के शेयर प्राप्त करता है और ईओजीएम नोटिस के प्रेषण के बाद कंपनी का शेयरधारक बन जाता है और कट-ऑफ तिथि तक शेयर रखता है, वह नोटिस के नोटों में उल्लेखित प्रस्तावों पर मतदान के लिए निर्देशों का पालन कर सकता है। ईओजीएम का, एक व्यक्ति जो कट-ऑफ तिथि पर शेयरधारक नहीं है, उसे रिमोट ई-वोटिंग और ई-वोटिंग पर निर्देशों से संबंधित ईओजीएम की सूचना को केवल सूचना उद्देश्यों के लिए लेना चाहिए।

ईओजीएम नोटिस की एक प्रति कंपनी की वेबसाइट **www.flexituff.com** और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों पर उपलब्ध है जहां कंपनी के शेयर सूचीबद्ध हैं, जैसे बीएसई लिमिटेड **www.bseindia.com** और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड **www.nseindia.com**। ईओजीएम नोटिस की एक प्रति लिंक इनटाइम की वेबसाइट **www.evotingindia.com** पर भी उपलब्ध है।

रिमोट ई-वोटिंग और ईओजीएम में डाले गए वोटों के नतीजे ईओजीएम के समापन से दो कार्य दिवसों के भीतर घोषित किए जाएंगे। घोषित परिणाम, संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ, उनकी घोषणा के तुरंत बाद कंपनी की वेबसाइट अर्थात **www.flexituff.com** पर रखे जाएंगे और सीडीएसएल अर्थात **www.evotingindia.com**, बीएसई लिमिटेड **www.bseindia.com** और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड **www.nseindia.com** पर सूचित किया जाएगा।

यदि आपके पास रिमोट ई-वोटिंग और ई-वोटिंग के संबंध में कोई प्रश्न या समस्या है, तो आप सहायता अनुभाग के तहत **www.evotingindia.com** पर उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और ई-वोटिंग मैनुअल देख सकते हैं या एक ईमेल **helpdesk.evoting@cdslindia.com** पर भेजें या टोल फ्री नंबर 1800 21 09911 पर संपर्क कर सकते हैं।

इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा से जुड़ी सभी शिकायतें **श्री राकेश दलवी,** वरिष्ठ प्रबंधक (सीडीएसएल) सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरएक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड्स, एन एम जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई-400013 या **helpdesk.evoting@cdslindia.com** पर एक ईमेल भेजें या टोल फ्री नंबर 1800 21 09911 पर कॉल करें।

जो शेयरधारक ईओजीएम के दौरान अपने विचार व्यक्त करना चाहते हैं या प्रश्न पूछना चाहते हैं, वे अपने प्रश्नों के साथ अपना नाम, डीपी आईडी और क्लाइंट आईडी/फोलियो नंबर, पैन, मोबाइल नंबर का उल्लेख करते हुए अपने पंजीकृत ईमेल पते से बैठक से सात (7) दिन पहले **cs@flexituff.com** पर अपना अनुरोध भेजकर एक वक्ता के रूप में खुद को पंजीकृत कर सकते हैं।

कृते **फ्लैक्सीटफ वेंचर्स इंटरनेशनल लिमिटेड**
हस्ता./-
**ऋषभ कुमार जैन**
कंपनी सचिव

स्थानः **पीथमपुर**
दिनांकः **24.07.2024**

# Oppn slams Budget, says just 2 states got 'pakoda, jalebi'

## FM Trashes 'Outrageous Allegations'

TIMES NEWS NETWORK



PTI

Akhilesh Yadav, representing the INDIA bloc shared the stage and spoke in solidarity with the YSRCP chief Y S Jaganmohan Reddy, who was on a protest dharna at the Jantar Mantar to highlight political violence against his party members, allegedly, by TDP in the state

**New Delhi:** Opposition parties attacked govt in the two Houses of Parliament on Wednesday over their claim that Andhra Pradesh and Bihar had cornered the lion's share of budgetary allocations, which finance minister Nirmala Sitharaman rejected as "outrageous".

Claiming that all states except two had been "ignored", INDIA bloc parties led by Congress walked out of Lok Sabha and Rajya Sabha in the morning session.

In the upper House, after Chairman Jagdeep Dhankhar rejected calling for suspension of the listed agenda, leader of opposition Mallikarjun Kharge said the Budget was a "kursi bachao (save the govt)" document.

"Sabki thali khali, aur sirf do ke thali me pakoda aur jalebi," Kharge said, adding the INDIA bloc "condemned this discrimination" in Budget. As Dhankhar gave Sitharaman the floor to respond, Kharge led opposition members out of the House in protest.

The FM said not naming a state in the Budget did not mean that govt schemes and other financial assistance were not working for it. The cabinet, for instance, approved the over Rs 76,000 crore Vadhavan port project in Maharashtra last month. "Did Maharashtra get ignored because I did not mention its name?" she asked.

"This is a deliberate attempt of the opposition parties, led by Congress, to give an impression to people that 'oh, nothing has been given to our states, it has only been given to two states'," she said.

"I would challenge the Congress for all the Budget speeches they have delivered, have they named every state of the country in each of the Budget speeches?" she asked, adding that it was "an outrageous allegation" that was simply "not acceptable".

In Lok Sabha, Congress MP Kumari Selja initiated the discussion on the Budget and said it had discriminated against non-BJP states and was a collection of "jumlas (failed promises)". She cautioned NDA members Nitish Kumar (JDU) and N Chandrababu Naidu (TDP) that they may be celebrating now for having got a large share but it wouldn't "take long for the tide to turn". She also questioned how target groups were going to be identified without a caste census.

Her party colleague Shashi Tharoor said the Budget was emblematic of govt's "economic mismanagement and financial recklessness". He said the brakes of the economy had fallen off but govt's "horn kept getting louder". "The Budget lacks originality, ambition, strategy, we get no answers to the employment puzzle, we get no solutions on education and health and we don't engage in any of the crises of investment," he added.

TMC MP Abhishek Banerjee said the Budget was "anti-people" and aimed at "appeasing and compensating" the NDA's coalition partners. "The budget has no vision and agenda. There is no relief to common people and it has neglected 140 crore people of the country," he said, adding that the "creaky, shaky and vulnerable" coalition govt would explode soon.

# Eye on state polls, oppn seeks to pin regional bias charge on BJP over Budget

Subodh.Ghildiyal
@timesofindia.com



**New Delhi:** Slamming the Union Budget as "discriminatory", the joint opposition Wednesday raised a loud protest against the Modi govt in Parliament, a political manoeuvre that seeks to turn the governing BJP's moment of after-Budget glory into a contentious regional issue with a keen eye on coming assembly elections.

INDIA bloc functionaries **Mallikarjun Kharge**, Sonia Gandhi, Rahul Gandhi, Akhilesh Yadav, Sanjay Raut, Kalyan Banerjee, Sanjay Singh, Mahua Majhi, N K Premachandran, Dayanidhi Maran, and MPs of Left parties among others gathered at the "Makar Dwar" of Parliament ahead of the proceedings. With placards in hands, they accused PM Modi of presenting a Budget that "violates the spirit of federalism" by ignoring the states governed by BJP's rivals.

The opposition offensive against the Budget seeks to paint the governing party as beholden to its demanding allies TDP and JDU from Andhra and Bihar at the cost of others. The tactic clearly seeks to put BJP on the defensive on major turfs where it will be fighting elections soon — Haryana, Maharashtra, Jharkhand, or in states where BJP is seeking expansion of its footprint, like TN, Kerala, Telangana.

